गुरु नानक कॉलेज, धनबाद
एन एस एस इकाई -1एवं 2

<u>रक्तदान शिविर</u>

आज दिनांक **<u>24 जून 2021</u>**, विश्व भाईचारा दिवस के अवसर पर गुरु नानक कॉलेज, धनबाद के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1एवं 2 और मेसोनिक लॉज, संख्या - 95, धनबाद के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन कॉलेज के भूदा कैंपस में स्थित एस जे एस ऑडिटोरियम में किया गया।

कोविड महामारी के कारण मानवीय जीवन कि अपार क्षति हुई है जिसकी पूर्ति असंभव है। ऐसे समय पर रक्तदान एक अमूल्य मानव सेवा है। इस कठिन क्षण में कॉलेज द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

विदित हो कि सम्पूर्ण रक्तदान शिविर के दौरान कोरोना संबधित नियमों का अक्षरसः अनुपालन किया गया।

इस शिविर में विद्यार्थीयों में शामिल एन एस एस स्वयं सेवी, एन सी सी कैडेट्स, कॉलेज में संचालित बी सी ए कोर्स के रोटरेक्ट सदस्यों ने कूल तीस (30) यूनिट रक्त दान किया।

गुरु नानक कॉलेज के शासी निकाय के माननीय सचिव सरदार दिलजॉन सिंह ग्रेवाल ने इस मोके पर कहा कि कॉलेज द्वारा ऐसे शिविर का आयोजन निरंतर किया जाता है।

कॉलेज के माननीय प्राचार्य डॉ० संजय प्रसाद पूरे शिविर के दौरान उपस्थित रहें एवं प्रत्येक आवश्यक क्रिया कलापों को अपने देख रेख में सम्पन्न होने दिया।

कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रो० पी० शेखर, इस महत्वपूर्ण अवसर पर आमंत्रित थें एवं उन्होंने शिविर के आयोजन में अपने महत्वपूर्ण दिशानिर्देशों से अहम् भूमिका निभायी।

मेसोनिक लॉज के सदस्यों में डॉ ए० के० सिंह, श्री वी० के० ऐलावादी, श्री दीपक कुमार सिंह , डॉ ए० के० चक्रवर्ती, श्री संजय झा, डॉ एन के मैत्रा ने इस शिविर के आयोजन एवं संचालन में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

यह रक्तदान शिविर पाटलिपुत्र मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, धनबाद के चिकित्सकों एवं कुशल तकनीशियनों के देख - रेख में संपन्न हुआ। डॉ अजय कुमार (Prof & Head, Blood Bank, PMCH, धनबाद,स्वयं शिविर में उपस्थित थें।श्री अशोक शर्मा, श्री मानिक दास,श्री शम्भू साहनी, श्री शिव प्रसाद, सौरभ कुमार एवं श्री आनन्द मुर्मू पी० एम० सी० एच० के तकनिकी स्टॉफ के रूप मे मौजूद थें।

इस अवसर पर कॉलेज से डॉ मिना मालखंडी,प्रो दिपक कुमार, प्रो पुष्पा तिवारी, श्री दलजीत सिंह, प्रो पीयूष अग्रवाल, श्री इंद्रदेव सिंह, सुश्री नुशरत परवीन, श्री संजय कुमार सिंह, से समय -समय पर शिविर के सफल आयोजन हेतू आवश्यक निर्देश एवं सहयोग प्राप्त हुआ।

इस रक्तदान शिविर का आयोजन एन एस एस कार्यक्रम पदाधिकारी -1, श्री दीपक कुमार एवं 2, डॉ मिना मालखण्डी के कुशल देख - रेख में संपन्न हुआ।